बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-241
06/04/2023

# मुख्यमंत्री ने प्रभु यीशु मसीह को नमन किया

**पटना, 06 अप्रैल 2023 :–** मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने गुड फ्राइडे की पूर्व संध्या पर प्रभु यीशु मसीह के बलिदान को स्मरण करते हुये उन्हें नमन किया और कहा कि प्रभु यीशु मसीह ने अपने जीवन और बलिदान के माध्यम से सम्पूर्ण मानवता को प्रेम, दया और करूणा के भाव का संदेश दिया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान परिवेश में प्रभु यीशु मसीह के उपदेशों की प्रासंगिकता और बढ़ गयी है। उनके बताये हुये मार्गों के अनुसरण से समस्त मानव समाज के कल्याण का मार्ग प्रशस्त हो सकता है।

*******